असंशोधित

22 JUL 2002

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग २—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर रहित)

बि० स० मु० (एल० ए०) 86—मोनो—1000—16-3-2002—,

श्री हिमराज सिंह(राज्य मंत्री): ठीक है । माननीय सदस्य से अनुरोध है कि इसको वे वापस ले लें ।

सभापति(श्री भोला प्र0 सिंह): सदन की अनुमति से यह वापस हुआ ।

श्री भीम कुमार : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि :-

" यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह औरंगाबाद जिलान्तर्गत वारून-दाउदनगर पथ का पुनर्निर्माण कराये । "

महोदय, यह पथ बहुत ही महत्वपूर्ण है और यह पथ तीन-तीन प्रखंड को जोडती है और इससे पटना की दूरी लगभग 50 कि0मी0 कम हो जायेगी । इस पथ में माननीय मंत्री श्री सिद्दीकी साहेब का सर्वेक्षण और संबंधित पदाधिकारियों का हो चुका है और बार-बार आश्वासन के बावजूद भी इस पथ को पूरा नहीं कर पाते हैं ।

श्री हिमराज सिंह(राज्य मंत्री): महोदय, वारून-दाउदनगर पथ में पुनर्निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त पुनर्निर्माण कार्य के तहत पथ को 18 फीट चौडीकरण करने के बाद मजबूतीकरण का कार्य हो रहा है । इस कार्य के विरूद्ध इस वर्ष 37 लाख रू0 बजट में प्रावधान है, जिससे 3 कि0मी0 पथ का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण किया जा सकेगा । शेष कार्य को अगले वित्तीय वर्ष में निधि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा । अतः माननीय सदस्य से अनुरोध है कि वे इसको वापस ले लें ।

श्री भीम कुमार : सभापति महोदय, इस पथ में बहुत धीमी गति से काम हो रहा है....

सभापति(श्री भोला प्र0 सिंह): माननीय सदस्य, सरकार ने स्पष्ट आश्वासन दिया है और उस पर कार्रवाई हो रही है ।

श्री भीम कुमार : ठीक है, मैं इसे वापस लेता हूँ ।

सभापति(श्री भोला प्र0 सिंह): सदन की अनुमति से यह वापस हुआ ।